# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा

## विद्वत् परिषद् की बैठक दिनांक 19.06.2021 का कार्यवृत्त
## (Google Meet के माध्यम से)

समयः अपराह्न 04:00 बजे से।

उपस्थितिः

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो० सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. प्रो० डॉली सिन्हा, प्रति कुलपति | – | सदस्य |
| 3. प्रो० पुष्पम नारायण | – | सदस्य |
| 4. प्रो० जी० आर० पी० सिंह | – | सदस्य |
| 5. प्रो० बी० एस० झा | – | सदस्य |
| 6. प्रो० एन०के० अग्रवाल | – | सदस्य |
| 7. डॉ० शंभुनाथ चौधरी | – | सदस्य |
| 8. प्रो० राम अवधेश कुमार | – | सदस्य |
| 9. डॉ० विनोद कुमार लाल | – | सदस्य |
| 10. डॉ० महेश प्रसाद सिन्हा | – | सदस्य |
| 11. डॉ० जीवानन्द झा | – | सदस्य |
| 12. डॉ० बिरेन्द्र कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 13. डॉ० यू०एन० तिवारी | – | सदस्य |
| 14. डॉ० कन्हैयाजी झा | – | सदस्य |
| 15. डॉ० संतोष सिन्हा | – | सदस्य |
| 16. डॉ० राजेन्द्र साह | – | सदस्य |
| 17. डॉ० आफताब असरफ | – | सदस्य |
| 18. डॉ० अशोक कुमार सिंह | – | सदस्य |
| 19. प्रो० एच० के० सिंह | – | सदस्य |
| 20. डॉ० धीरेन्द्र नारायण सिंह | – | सदस्य |
| 21. डॉ० बी०बी०एल० दास | – | सदस्य |
| 22. डॉ० अभय कुमार | – | सदस्य |
| 23. डॉ० अरूण कुमार सिंह | – | सदस्य |
| 24. डॉ० दिव्या रानी हंसदा | – | सदस्य |
| 25. डॉ० विवेकानन्द झा | – | सदस्य |
| 26. डॉ० मो० रहतुल्लाह | – | सदस्य |
| 27. डॉ० रमेश यादव | – | सदस्य |
| 28. प्रो० अमरनाथ झा | – | सदस्य |
| 29. डॉ० अशोक कुमार झा | – | सदस्य |
| 30. डॉ० शम्भु नाथ ठाकुर | – | सदस्य |
| 31. प्रो० के० के० झा | – | सदस्य |
| 32. श्री रवीन्द्र कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 33. डॉ० उमेश कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 34. डॉ० अमरनाथ प्रसाद | – | सदस्य |
| 35. प्रो० मुश्ताक अहमद, कुलसचिव | – | सचिव |

मद सं0: 1. विद्वत परिषद् की गत बैठक दिनांक 09.12.2020 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से विद्वत परिषद् की गत बैठक दिनांक 09.12.2020 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गई।**

मद सं0: 2. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्रांक – D.O.F.O.N.O. 1-8/2017 (Swayam Board) दिनांक 28.05.2021 के निर्देशों के आलोक में यू0जी0सी0 एवं पी0जी0 के MOOCS कोर्सेज के लिये "स्वयम्" कोर्सेज जो जूलाई से अक्टूबर, 2021 के बीच चलेगी, में छात्र/छात्राओं को निबंधित कराने एवं इसके आधार पर "Credit Transfer" करने के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्रांक – D.O.F.O.N.O. 1-8/2017 (Swayam Board) दिनांक 28.05.2021 के निर्देशों के आलोक में यू0जी0सी0 एवं पी0जी0 के MOOCS कोर्सेज के लिये "स्वयम्" कोर्सेज जो जूलाई से अक्टूबर, 2021 के बीच चलेगी, में छात्र/छात्राओं को निबंधित कराने एवं इसके आधार पर "Credit Transfer" करने संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।**

मद सं0: 3. अतिथि शिक्षकों के नियुक्ति एवं शिक्षकों के प्रोन्नति हेतु विभागाध्यक्षों से प्राप्त पैनल पर विचार।

निर्णयः **बिहार सराकर के संकल्प संख्या 15/ए 2-01/2014-925 दिनांक 13.04.2021 के प्रावधानानुसार विश्वविद्यालय सेवान्तर्गत स्वीकृत रिक्त पदों पर अतिथि/अंशकालिक शिक्षकों की नियुक्ति/नवीनिकरण हेतु चयन समिति में वाह्य विशेषज्ञों को नामित करने के लिए सर्वसम्मति से कुलपति को अधिकृत किया गया।**

मद सं0: 4. परीक्षा विभाग में उपलब्ध पुराने सारणीयन पंजी (T.R.) के डिजीटलाईजेशन पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से उपर्युक्त प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।**

अति0 मद सं0: 1. कोविड-19 महामारी के कारण महाविद्यालयों एवं स्नातकोत्तर विभागों की प्रभावित हुई पढाई और छात्रों को भौतिक कक्षा से वंचित होने और अभी भी स्थिति सामान्य नहीं रहने के कारण छात्र-हित में स्नातकोत्तर विभागों द्वारा स्नातकोत्तर के छात्रों के साथ-साथ स्नातक स्तरीय कॉलेजों के छात्रों के लिये भी प्रारंभ की गई केन्द्रीकृत कक्षाओं के संचालन के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ की गई केन्द्रीकृत कक्षाओं के संचालन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उपर्युक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**

अति0 मद सं0: 2. देव कला राजेन्द्र चौधरी महिला महाविद्यालय, आनन्दपुर, सहोड़ा, दरभंगा के लिये वि0 वि0 द्वारा गठित निरीक्षणदल के प्रतिवेदन के आधार पर संबंधन हेतु अभिषद् एवं अधिषद् से अनुशंसा प्राप्त है किन्तु विद्वत परिषद् की अनुशंसा अप्राप्त रहने के कारण, भूतलक्षी प्रभाव से कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकायों के प्रतिवेदन में अंकित निम्नांकित विषयों में स्नातक (प्रतिष्ठा) स्तर तक संबंधन के अनुमोदन पर विचार–

**Science:** Physics, Chemistry, Mathematics, Botany, Zoolgy.

**Arts:** Hindi, English, Maithili, Sanskrit, Persian, Bengali, Urdu, Pali, Prakrit, Bhojpuri, Linguistics, History, Ancient Indian History and culture, Political Science, Geography, Economics, Philosophy, Psychology, Mathematics, Library Science, Home Science, Music, Arabic, Nepali, Rural Economics, Journalism, Labour and Social Welfare, Dramatics, Musicology, Statistics, Sociology, Anthropology and Geology.

**Commerce:** All compulsory subjects and three optional groups in which teaching in imparted in the university, viz- Accounts, Business Management and Business Correspondence.

निर्णयः **उपर्युक्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कला संकाय में अंकित विषय** "Music, Dramatics & Musicology" **के स्थान पर** "Music & Dramatics" **विषय की अनुशंसा की जाती है और इस**

संशोधन के साथ देव कला राजेन्द्र चौधरी महिला महाविद्यालय, आनन्दपुर, सहोड़ा, दरभंगा के लिये वि० वि० द्वारा गठित निरीक्षणदल के प्रतिवेदन के आधार पर संबंधन हेतु अभिषद् एवं अधिषद् से अनुशंसा प्राप्त किन्तु विद्वत परिषद् की अनुशंसा अप्राप्त रहने के कारण, भूतलक्षी प्रभाव से कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकायों के प्रतिवेदन में अंकित विषयों में स्नातक (प्रतिष्ठा) स्तर तक संबंधन की अनुशंसा की जाती है।

अति० मद सं०: 3. परीक्षा परिषद् की बैठक दिनांक 04.01.2021 के निर्णय के आलोक में सी०बी०सी०एस० रेगुलेशन के अनुसार स्नातकोत्तर पाठ्यचर्या के अन्तर्गत I, II, III,, IV Semester के लिए औपबंधिक प्रमाण–पत्र एवं समेकित अंक पत्र, जो सत्र 2018–20 से प्रभावी होगा, के प्रारूप को स्वीकृत करने सम्बन्धी कुलपति के आदेश के सम्पुष्टि पर विचार।

निर्णयः सर्वसम्मति से उपर्युक्त प्रस्ताव को सम्पुष्ट किया गया।

अति० मद सं०: 4. परीक्षा परिषद् की बैठक दिनांक 04.01.2021 एवं 22.01.2021 के निर्णय के आलोक में सी०बी०सी०एस० पाठ्यचर्या के अनुरूप एम०ए, एम०एस–सी०, एम० कॉम० एवं एल०एल०बी० / एम०डी०एस० की परीक्षाओं की मूल उपाधि के प्रारूप को स्वीकृत करने सम्बन्धी कुलपति के आदेश के सम्पुष्टि पर विचार।

निर्णयः सर्वसम्मति से उपर्युक्त प्रस्ताव को सम्पुष्ट किया गया।

अन्यान्यः 1. अध्यक्ष – सह –कुलपति, प्रो० एस०पी० सिंह द्वारा सदन को सूचित किया गया कि वर्तमान कोविड महामारी के चलते ऑनलाईन शिक्षण की वाध्यता हो गई है और आगे भी ऑनलाईन शिक्षण पद्धति भौतिक शिक्षण पद्धति के साथ–साथ चलाना अनिवार्य होगा। इसलिए विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर विभागों एवं महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं के हित में **Digital** प्लेटफार्म के अन्तर्गत निम्नलिखित सुविधायें विश्वविद्यालय मुख्यालय में स्थापित किये जाने का प्रस्ताव रखा गया और जिसका प्रयोग विश्वविद्यालय के सारे शिक्षक कर सकेंगे।

i. On-line Recording Studio
ii. Language Lab
iii. Incubation Centre (social & technical)
iv. Digital Library
v. Digital Platform to the colleges (ERP)
vi. Social Science ~~to~~ Research Lab
vii. Remote Sensing Lab
viii. Computation Lab
ix. Visually impaired student Library Section.
x. Data Resource Centre
   (A) Cloud Sharing.
   (B) Centralized Server (data storage)

इस प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने करतल घ्वनि के साथ अपनी सहमति प्रदान की।

अन्यान्यः 2. प्रति–कुलपति, प्रो० डॉली सिन्हा द्वारा सदन को सूचित किया गया कि समय की मांग है कि पी०जी० एवं यू०जी० कोर्सेज के **Curriculum, Syllabus** के साथ–साथ **Assessment** के फलाफल की समीक्षा की जानी चाहिये ताकि इस विश्वविद्यालय के छात्र अपनी पढ़ाई के बाद अन्य संस्थानों के छात्रों के साथ मुकाबला कर सकें और समाज में अपना योगदान दे सकें।

इस प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने करतल घ्वनि के साथ अपनी सहमति प्रदान की।

अध्यक्ष–सह–कुलपति के आदेश से कुलसचिव द्वारा कोरोना महामारी के दौरान दिवंगत हुए शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की सूचना सदन को दी गई और इनके सम्मान में सदन द्वारा दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कुलपति ने धोषणा की कि स्थिति समान्य होने पर यथाशीध्र सेवा

काल में दिवंगत ऐसे कर्मियों के पाल्यों की अनुकम्पा पर नियुक्ति की जायेगी, साथ ही कर्मियों के सभी प्रकार के बकाये के शीघ्र भुगतान का आश्वासन भी दिया।

कुलसचिव द्वारा सदन के सफल संचालन हेतु सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं सभा की कार्यवाही समाप्त होने की घोषणा की गई।

ह॰/–
प्रो॰ मुश्ताक अहमद
कुलसचिव–सह–सचिव

ह॰/–
प्रो॰ सुरेन्द्र प्रताप सिंह
कुलपति–सह–अध्यक्ष

ज्ञापांक: – UB – 625/21.

दिनांक: 19-06-2021.

प्रतिलिपि प्रेषित:–

1. **विद्वत् परिषद् के सभी माननीय सदस्य**, ल॰ना॰ मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
2. **विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी**, ल॰ना॰ मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
3. **कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक**, ल॰ना॰ मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

19-06-2021
कुलसचिव